मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-21
08/01/2021

मुख्यमंत्री ने मद्य निषेध से संबंधित समीक्षा बैठक की

मुख्यमंत्री के निर्देश–

- विशेष ड्राइव चलाकर शराब के डिस्ट्रीब्यूशन एवं सप्लाई चेन सिस्टम को ध्वस्त करें।
- शराब के धंधे में लिप्त बड़े लोगों की गिरफ्तारी करें, असली धंधेबाज को पकड़ने में सख्ती दिखाएं।
- एक्साइज एवं प्रोहिविशन की सेंट्रल कमांड टीम पूरी मुस्तैदी से काम करे।
- शराब की तस्करी वाले मार्गों को चिन्हित कर उस पर विशेष निगरानी रखें, बॉर्डर एरिया पर भी विशेष नजर रखें।

पटना, 08 जनवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मुख्य सचिवालय स्थित कार्यालय कक्ष में मद्य निषेध से संबंधित समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री के समक्ष पुलिस महानिरीक्षक, मद्य निषेध श्री अमृत राज ने मद्य निषेध से संबंधित एक प्रस्तुतीकरण दिया। प्रस्तुतीकरण में विभाग द्वारा अब तक प्राप्त की गयी उपलब्धियां, गिरफ्तारियां, जिलावार शराब की बरामदगी, प्रोहिविशन कॉल सेंटर, संबद्ध अधिकारियों पर की गई कार्रवाई एवं मद्य निषेध टीम द्वारा शराबबंदी को लेकर किये जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी गयी।

समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि विशेष ड्राइव चलाकर शराब के डिस्ट्रीब्यूशन एवं सप्लाई चेन सिस्टम को ध्वस्त करें। शराब के धंधे में लिप्त बड़े लोगों की गिरफ्तारी करें। असली धंधेबाज को पकड़ने में सख्ती दिखाएं। एक्साइज एवं प्रोहिविशन की सेंट्रल कमांड टीम पूरी मुस्तैदी से काम करे। शराब की तस्करी वाले मार्गों को चिन्हित कर उस पर विशेष निगरानी रखें। बॉर्डर एरिया पर भी विशेष नजर रखें। प्रोहिविशन कॉल सेंटर में आने वाली सूचनाओं के आधार पर तेजी से दोषियों की गिरफ्तारी करें। शराबबंदी के पूर्व जो शराब के व्यवसाय से जुड़े थे अब वे किस कार्य में लगे हैं उन पर विशेष नजर रखें। उन्होंने कहा कि राज्य की अधिकतर जनता शराबबंदी के पक्ष में है। कोरोना काल में भी चिकित्सकों ने शराब न पीने की सलाह दी है। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि शराब पीने वालों पर कोरोना वैक्सीन का असर कम हो जाता है।

बैठक में मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव, गृह तथा मद्य निषेध, श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री एस0के0 सिंघल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, आयुक्त उत्पाद श्री बी0 कार्तिकेय धनजी, पुलिस महानिरीक्षक, मद्य निषेध श्री अमृत राज,

विशेष सचिव गृह श्री विकास वैभव, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे।

******